# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 03.01.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर “,अमर उजाला, न्यायाधीश, जागरूक एक्सप्रेस, तरुणमित्र न्यूज़,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 03.01.2025

### ट्रांसपोर्ट नगर योजना की डिज़ाइन तैयार करेगा आईआईटी बीएचयू

**माई सिटी रिपोर्टर**

**वाराणसी।** ट्रांसपोर्ट नगर योजना के बेहतर डिजाइन के लिए वीडीए आईआईटी बीएचयू की मदद लेगा। इसके लिए वीडीए और आईआईटी बीएचयू के विशेषज्ञों ने बृहस्पतिवार को यहां का निरीक्षण किया।

इस दौरान आईआईटी बीएचयू के विशेषज्ञों ने सुझाव दिया कि रेन वाटर को एकत्र करने के लिए रिजर्व तालाब का निर्माण कराया जाए। इसकी डिजाइन वीडीए ने आईआईटी बीएचयू से मांगी है।

आईआईटी बीएचयू के विशेषज्ञों ने बताया कि यहां बनने वाली त्रिकोणीय हरित पट्टी के रूप में ग्रीन बेल्ट एरिया विकसित किया जाएगा। इसमें प्लाटों के पीछे एल्युमिनियम टैंक बनवाए जाएंगे। इसके अलावा ओवरहेड टैंक का भी निर्माण किया जाएगा। हरित पट्टी के लिए रेन वाटर स्टोर किया जाएगा। इसके लिए रिजर्व तालाब बनाया जाएगा। इसमें बारिश का पानी का तालाब में एकत्रित होगा। इससे यहां का वाटर लेवल रिचार्ज होगा। वीडीए ने इसके लिए आईआईटी बीएचयू से डिजाइन मांगी है। जिससे कि स्थल पर निर्माण कार्य में गति लाई जा सके। इस योजना के प्रवेश द्वार के समीप रोड वाइंडिंग एरिया में लैंडस्कैपिंग एवं ग्रीन बेल्ट विकसित किए जाएंगे। इसके लिए डेवलपर्स को जिम्मेदारी दी जाएगी। यहां लैंडस्कैपिंग भी कराई जाएगी।

## अमर उजाला–दि0 03.01.2025

### लंबित शमन मानचित्रों का कराएं निस्तारण

**वाराणसी।** वीडीए के अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा ने बृहस्पतिवार को वीडीए सभागार में मानचित्रों के निस्तारण की समीक्षा की। उन्होंने जोन वन और टू के लम्बित शमन मानचित्रों का जल्द से जल्द निस्तारण करने की हिदायत दी। शिवपुर, सिकरौल वार्ड में शमन शुल्क मद में 33,69,492 रुपये जमा कराए। ब्यूरो

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## न्यायाधीश—दि0 03.01.2025

# अपर सचिव डॉ0 गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-1 एवं जोन-2 की समीक्षा बैठक की गई

**बैठक के दौरान लम्बित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए शीघ्र मानचित्र निस्तारण के लिए दिये निर्देश**



वाराणसी। उपाध्यक्ष वाविप्रा के निर्देशों के क्रम में 2 जनवरी को वाराणसी विकास प्राधिकरण, वाराणसी के सभागार कक्ष में अपर सचिव डॉ0 गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-1 एवं जोन-2 की समीक्षा बैठक की गयी, समीक्षा बैठक के दौरान लम्बित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए शीघ्र मानचित्र निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया। जोन-1 के वार्ड शिवपुर, सिकरौल एवं विन्यास में विगत दिनांक 22.12.2024 से 28.12.2024 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 33,69,492.00 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष-2024-25 मे माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-6,92,68,827.00 जमा कराया गया है एवं जोन-2, के वार्ड-सारनाथ, जैतपुरा, आदमपुर एवं विन्यास मे दिनांक 22.12.2024 से दिनांक 28.12.2024 तक शमन शुल्क के मद मे कुल धनराशि रू0-17,47,706.00 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष-2024-25 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-6,63,23,831.00 जमा करायी गयी है। स्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वाले निर्माणकर्ताओं के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन तथा विधिक कार्यवाही करने को भी जोनल अधिकारी को निर्देश दिया गया। सील प्रकरणो की जॉच एवं बेसमेण्ट खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया है एवं सचेत किया गया कि विलम्बतम 01 सप्ताह में जनशिकायतो का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाय। शहर में हो रहे अनियोजित विकास एवं अवैध प्लाटिंग का चिन्हांकन करते हुए नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही / ध्वस्तीकरण सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिया गया है। साथ ही बैठक मे अपर सचिव द्वारा सम्बन्धित अधिकारी / कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि सौंपे गये कार्यो के प्रति कोई लापरवाही एवं शिथिलता न बरती जाय अन्यथा की स्थिति मे सम्बन्धित के विरुद्ध प्रतिकूल दृष्टिकोण से देखा जायेगा। उक्त समीक्षा बैठक में जोन-1 के जोनल अधिकारी, श्री शिवाजी मिश्रा, अवर अभियन्ता, श्री विजय सिंह, अवर अभियन्ता, सुश्री प्रिया अग्रहरि, भवन लिपिक, श्रीमती किरन सिंह एवं जोन-2 के जोनल अधिकरी, श्री प्रकाश कुमार, अवर अभियन्ता, श्री विनोद कुमार, अवर अभियन्ता, सुश्री वर्तिका दुबे सहित भवन लिपिक, श्री रक्षित रघुवंशी एवं समस्त फील्ड कार्मिक उपस्थित रहे।

## जागरूक एक्सप्रेस—दि0 03.01.2025

# वीडीए में हुई लंबित मानचित्र प्रकरणों की समीक्षा बैठक

जिला संवाददाता



वाराणसी। उपाध्यक्ष के निर्देशों के क्रम में गुरुवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार कक्ष में अपर सचिव डॉ० गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-1 एवं जोन-2 की समीक्षा बैठक की गयी, समीक्षा बैठक के दौरान लम्बित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए शीघ्र मानचित्र निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया। जोन-1 के वार्ड शिवपुर, सिकरौल एवं विन्यास में विगत दिनांक 22.12.2024 से 28.12.2024 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 33,69,492.00 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष-2024-25 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-6,92,68, 827.00 जमा कराया गया है एवं जोन-2, के वार्ड-सारनाथ, जैतपुरा, आदमपुर एवं विन्यास में 22.12.2024 से 28.12.2024 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0-17,47,706.00 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष-2024-25 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-6,63,23, 831.00 जमा करायी गयी है। स्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वाले निर्माणकर्ताओं के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन तथा विधिक कार्यवाही करने को भी जोनल अधिकारी को निर्देश दिया गया। सील प्रकरणों की जाँच एवं बेसमेण्ट खाली करते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है।

जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया है एवं सचेत किया गया कि विलम्बतम 01 सप्ताह में जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाय। शहर में हो रहे अनियोजित विकास एवं अवैध प्लाटिंग का चिन्हांकन करते हुए नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही / ध्वस्तीकरण सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिया गया है। साथ ही बैठक में अपर सचिव द्वारा सम्बन्धित अधिकारी / कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि सौंपे गये कार्यों के प्रति कोई लापरवाही एवं शिथिलता न बरती जाय अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरुद्ध प्रतिकूल दृष्टिकोण से देखा जायेगा। उक्त समीक्षा बैठक में जोन-1 के जोनल अधिकारी, शिवाजी मिश्रा, अवर अभियन्ता, विजय सिंह, अवर अभियन्ता, प्रिया अग्रहरि, भवन लिपिक, श्रीमती किरन सिंह एवं जोन-2 के जोनल अधिकरी, प्रकाश कुमार, अवर अभियन्ता, विनोद कुमार, अवर अभियन्ता, वर्तिका दुबे सहित भवन लिपिक, रक्षित रघुवंशी एवं समस्त फील्ड कार्मिक उपस्थित रहे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## तरूणमित्र न्यूज–दि0 03.01.2025

# अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा ने ली जोन-1 एवं जोन-2 की समीक्षा बैठक

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशों के क्रम में गुरुवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार कक्ष में अपर सचिव डॉ0 गुडाकेश शर्मा द्वारा जोन-1 एवं जोन-2 की समीक्षा बैठक की गयी। इस दौरान लम्बित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा करते हुए शीघ्र मानचित्र निस्तारण के निर्देश दिए गया।

जोन-1 के वार्ड शिवपुर, सिकरौल एवं विन्यास में विगत दिनांक 22.12.2024 से 28.12.2024 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0 33,69,492.00 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष-2024-25 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-6,92,68,827.00 जमा कराया गया है एवं जोन-2, के वार्ड-सारनाथ, जैतपुरा, आदमपुर एवं विन्यास में दिनांक 22.12.2024 से दिनांक 28.12.2024 तक शमन शुल्क के मद में कुल धनराशि रू0-17,47,706.00 जमा कराया गया है तथा इस वित्तीय वर्ष-2024-25 में माह अप्रैल से अभी तक कुल शमन धनराशि रू0-6,63,23,831.00 जमा करायी गयी है। स्वीकृत शमन पत्रावली के सापेक्ष बकाया शमन शुल्क जमा न करने वाले निर्माणकर्ताओं के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन तथा विधिक कार्यवाही करने को भी जोनल अधिकारी को निर्देश दिया गया।सील प्रकरणों की जॉच एवं बेसमेण्ट खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया है एवं सचेत किया गया कि विलम्बतम 01 सप्ताह में जनशिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता पर सुनिश्चित किया जाय। शहर में हो रहे अनियोजित विकास एवं अवैध प्लाटिंग का चिन्हांकन करते हुए नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही / ध्वस्तीकरण सुनिश्चित कराने हेतु निर्देश दिया गया है। साथ ही बैठक में अपर सचिव द्वारा सम्बन्धित अधिकारी / कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि सौंपे गये कार्यों के प्रति कोई लापरवाही एवं शिथिलता न बरती जाय अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध प्रतिकूल दृष्टिकोण से देखा जायेगा। उक्त समीक्षा बैठक में जोन-1 के जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा, अवर अभियन्ता विजय सिंह, अवर अभियन्ता प्रिया अग्रहरि, भवन लिपिक किरन सिंह एवं जोन-2 के जोनल अधिकरी, प्रकाश कुमार, अवर अभियन्ता विनोद कुमार, अवर अभियन्ता वर्तिका दुबे सहित भवन लिपिक रक्षित रघुवंशी एवं समस्त फील्ड कार्मिक उपस्थित रहे।



वीडीए में समीक्षा बैठक लेते अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा